**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2815**
**बुधवार, 3 अगस्त, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**आईएमडी के वैज्ञानिक सहायकों की पदोन्नति**

**2815. श्री गिरिधारी यादव:**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिक सहायकों को छोड़कर अन्य विभागों के वैज्ञानिक सहायकों को वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 में रखा गया है;
(ख) यदि हां, तो क्या आईएमडी के वैज्ञानिक सहायकों को वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 में रखने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;
(ग) क्या आईएमडी के वैज्ञानिक सहायकों की पदोन्नति की संभावनाएं बहुत खराब हैं;
(घ) यदि हां, तो क्या आईएमडी के वैज्ञानिक सहायकों को अन्य विभागों की तर्ज पर समयबद्ध तरीके से पदोन्नति दिए जाने का कोई विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क) इसरो में वैज्ञानिक सहायक के पद पर 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के पे मैट्रिक्स के स्तर 7 अर्थात 6वें केंद्रीय वेतन आयोग के अन्तर्गत रु 4600/- (स्तर 7) पर भर्ती (इंडक्शन) होती है। तथापि, CSIR, DAE, DRDO जैसे अन्य सभी वैज्ञानिक विभागों में पे मैट्रिक्स के स्तर 6 अर्थात रु 4200 पर भर्ती (इंडक्शन) होती है।

(ख) जी, हाँ। भारत मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक सहायकों को पे मैट्रिक्स के स्तर 7 पर रखे जाने हेतु एक ड्राफ्ट प्रस्ताव है, जो मंत्रालय में विचाराधीन है।

(ग)- (घ) भारत मौसम विज्ञान विभाग में वैज्ञानिक सहायक संवर्ग एक महत्वपूर्ण संवर्ग है, जो बेहतर पदोन्नति संभावनाओं/कैरियर अवसरों के लिए कठोर प्रयास कर रहा है, जो कि न्यायालय में चल रहे वाद के कारण बाधित है।

तथापि, आश्वस्तवृत्ति प्रोन्नति स्कीम (MACP) के अन्तर्गत 10, 20 एवं 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात वे क्रमशः ग्रेड पे 4600 (वेतन स्तर 7), 4800 (वेतन स्तर 8), तथा 5400 (वेतन स्तर 9) प्राप्त करते हैं। यह स्कीम सभी केन्द्र सरकार कर्मचारियों पर लागू होती है।

इसके अतिरिक्त, नवंबर 2020 में प्रकाशित / प्रस्तुत समान कैरियर प्रगति योजना (UCPS) रिपोर्ट पर डॉ पीएस गोयल समिति की अनुशंसाओं के आलोक में मंत्रालय के समक्ष एक सुपरिभाषित प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, तथा यह विचाराधीन है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मेरिट आधारित पदोन्नति योजना (MBPS) प्रस्ताव में वर्तमान पदोन्नति पदानुक्रम में लेवल 13 में वैज्ञानिक अधिकारी III तक की 5 पदोन्नतियों का सुझाव दिया गया है, जिसका विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

| क्र.सं | पद / स्वीकृत क्षमता | वेतन स्तर (7वां केंद्रीय वेतन आयोग ) / {पूर्व-संशोधित (6वां केंद्रीय वेतन आयोग ) PB एवं GP} | कार्यनिष्पादन के साथ लिंक्ड न्यूनतम रेजिडेंसी अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | वैज्ञानिक सहायक (1972) (फीडर संवर्ग) | स्तर-6 /PB-2 (9300-34800), GP-4200 | 5 वर्ष |
| 2 | मौसम वैज्ञानिक - A (980) | स्तर-7 /PB-2 (9300-34800), GP-4600 | 5 वर्ष |
| 3 | मौसम वैज्ञानिक - B/ (512) | स्तर-8 /PB-2 (9300-34800), GP-4800 | 6 वर्ष |
| 4 | वैज्ञानिक अधिकारी - I (151) | स्तर-11 /PB-3 (15600-39100), GP-6600 | 5 वर्ष |
| 5 | वैज्ञानिक अधिकारी - II (45) | स्तर-12 /PB-3 (15600-39100), GP-7600 | 5 वर्ष |
| 6 | वैज्ञानिक अधिकारी - III (17) | स्तर-13 /PB-4 (37400- 67000), GP-8700 | - |
| संवर्ग की कुल क्षमता = 3677 {वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) ID No.2(17)/E.III Desk/2010 दिनांक 11 नवंबर, 2014 को अनुमोदित के अनुसार} | | | प्रस्तावित अवधि = 26 वर्ष |

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

*******